19 डाउन देहरादून एक्सप्रेस के साथ मेल नहीं ले सकी थी।

(ख) 92 अप सवारी गाड़ी के कार्य निष्पादन में सुधार लाने के सभी व्यावहारिक प्रयास किये जा रहे हैं। यदि आवश्यक हो तो 19 डाउन देहरादून एक्सप्रेस को 20 मिनट तक रोकने के अनुदेश भी जारी किये गये हैं ताकि इससे मेल हो सके ।

राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तुत की गई ग्रामीण स्वास्थ्य योजना

10182. **श्री चतुर्भुज :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजस्थान सरकार ने राज्य में लागू करने के लिए एक ग्रामीण स्वास्थ्य योजना प्रस्तुत की है ;

(ख) उक्त योजना के अन्तर्गत राजस्थान में कौन सी विशिष्ट योजनायें चलाने का प्रस्ताव है ; और

(ग) इसके लिए केन्द्र सरकार द्वारा की जाने वाली सहायता का ब्यौरा क्या है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नीहार रंजन लास्कर) : (क) जी नहीं ।

(ख) और (ग) . ये प्रश्न नहीं उठते ।

मुगलसराय में रेलवे क्वार्टरों पर अवैध कब्जा

10183. **श्री रामावतार शास्त्री :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पूर्व रेलवे के अन्तर्गत मुगलसराय में अनेक लोगों ने रेलवे क्वार्टरों पर अवैध कब्जा कर लिया है;

(ख) यदि हां, तो ऐसे क्वार्टरों का ब्यौरा क्या है तथा उन पर अवैध कब्जा करने वाले व्यक्तियों की संख्या कितनी है ;

(ग) क्वार्टरों पर इस प्रकार हुए अवैध कब्जे के परिणामस्वरूप रेल-प्रशासन को हुई वित्तीय हानि का ब्यौरा क्या है; और

(घ) इन क्वार्टरों को नियमानुसार रेल कर्मचारियों को आवंटित करने के लिए सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

रेल मंत्रालय तथा संसदीय कार्य विभाग में उपमंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) जी हां ।

(ख) कुछ अधूरे बने क्वार्टरों सहित नये बने टाइप-I और II के 196 क्वार्टर । इन क्वार्टरों को अनधिकृत रूप से 196 व्यक्तियों ने कब्जा किया है ।

(ग) इसमें कोई वित्तीय हानि निहित नहीं है । कब्जा करने वालों से पैनल किराया वसूल किया जा रहा है।

(घ) इन क्वार्टरों का आवंटन पहले ही किया जा चुका है किन्तु इन पर अनधिकृत रूप से कब्जा कर लिए जाने के कारण आवंटित व्यक्ति इन पर कब्जा नहीं कर सकते । रेल प्रशासन ने अनधिकृत कब्जा करने वालों के विरुद्ध बेदखली की कार्रवाई के साथ-साथ कुछ दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाई भी प्रारम्भ कर दी है ।